कार्यालय संभागीय मुख्य वन संरक्षक कोटा

Add. Near Chambal Rest House, Kishorpura Kota- 324009 E-Mail:- ccffdp.kota@gmail.com Tel. no. 0744- 2500194

क्रमांक एफ( )एफसीए / समुवसं / 2023–24 / 2852 दिनांकः 7/5/2024

निमित्तः–

अति0 प्रधान मुख्य वन संरक्षक
प्रोटेक्शन एवं नोडल अधिकारी
एफसीए राजस्थान जयपुर।

विषयः– शाहबाद से राजपुर सडक निर्माण के वनभूमि प्रत्यावर्तन के प्रस्ताव।
Proposal no.FP/RJ/RJ/ROAD/30083/2017 (4.00 ha)
प्रसंगः– उप वन संरक्षक बारां का पत्रांक 5489 दिनांक 03.05.2024 के क्रम में।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत निवेदन है कि प्रासांगिक पत्र से उप वन संरक्षक बारां ने शाहबाद से राजपुर सडक निर्माण हेतु प्रस्ताव प्रेषित किया है। उप वन संरक्षक बारां द्वारा अभिशंषा की, कि उक्त सडक सघन वनक्षेत्र में से होते हुए प्रस्तावित किया गया है।

वर्तमान में यह मार्ग पूरी तरह से बन्द है। केवल पैदल आवागमन हेतु मार्ग है। जो कि प्रचलन में नही है। प्रस्तावित मार्ग में तीव्र मोड (हेयरपिन मोड) है तथा यह मार्ग दुर्गम घाटियों से होकर गुजरता है। अगर इसमें कार्य किया जाता है तो भूस्खलन का खतरा रहेगा तथा जानमाल की हानि होने की संभावना है। प्रस्तावित मार्ग में आने वाला वनक्षेत्र दुर्लभ वन्यजीवों का वास हे। हाल ही में कूनों राष्ट्रीय वन्यजीव अभ्यारण्य में लाया गया चीता इस वनक्षेत्र में विचरण करते हुए पाया गया है।

प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा वैकल्पिक मार्ग का सही से परीक्षण नही किया गया है। प्रयौक्ता अभिकरण द्वारा भ्रामक मार्ग प्रस्तुत किये गये है। जबकि पूर्व से ही शाहबाद राजपुर वाया मुण्डियर होते हुए डामरीकृत सडक प्रचलन में है जिसकी लम्बाई लगभग 20 कि.मी. है। वैकल्पिक प्रचलित डामरीकृत पक्की सडक पहले से उपलब्ध होने के कारण सघन जंगल / घाटियों से गुजरता हुआ नया मार्ग बनाना अनावश्यक है।

अतः उप वन संरक्षक बारां के पत्र अनुसार उक्त प्रस्ताव में प्रस्तावित मार्ग अनावश्यक प्रकृति का होने के कारण प्रस्ताव को निरस्त करने की अनुशंषा की जाती है।

भवदीय

(रामकरण खैरवा)
संभागीय मुख्य वन संरक्षक
कोटा

क्रमांक एफ( )एफसीए / समुवसं / 2023–24 / दिनांकः

प्रतिलिपीः– उप वन संरक्षक बारां को उनके उक्त पत्रांक के क्रम में सूचनार्थ प्रेषित है।

संभागीय मुख्य वन संरक्षक
कोटा